CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 121 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# मुख्य बाजार में फिर जली पटाखा विवाद की चिंगारी ,38 हजार में बिजली सजावट का सौदा, नियमों की उड़ती धज्जियां

## दीपावली से पहले बिजोलिया के सबसे भीड़भाड़ वाले मार्ग पर अवैध दुकानों की तैयारियां तेज, पालिका के आदेश ठंडे बस्ते में

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

दीपावली नजदीक है और नगर के बाजारों में रौनक लौट आई है, लेकिन इसी रौनक के बीच पटाखा बिक्री को लेकर फिर विवाद की चिंगारी सुलग उठी है। बिजोलिया नगर के तेजाजी चौक से पंचायत चौक तक का मुख्य मार्ग, जो हर साल भीड़भाड़ और आगजनी के खतरे के कारण संवेदनशील माना जाता है, इस बार फिर चर्चा में है।

सूत्रों के अनुसार, इस मार्ग पर अवैध रूप से पटाखा दुकानों की तैयारी जोरों पर है, जबकि प्रशासन ने इस बार भी स्पष्ट लिखित निर्देश दिए हैं कि पटाखों की बिक्री केवल छोटा खेल मैदान में ही की जाएगी।

### 38 हजार में सजावट के बहाने अनुमति की कोशिश -

जानकारी में सामने आया है कि कुछ पटाखा व्यापारी गुपचुप समझौते की राह पर हैं। बताया जा रहा है कि मुख्य बाजार में विद्युत सजावट और रोशनी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी लगभग 38 हज़ार रुपए में तय की गई है। इसके बदले दुकानदार बाजार के बीच पटाखा दुकानें लगाने की अनुमति पाने की कोशिश में हैं। इस कथित समझौते में क्षेत्र के कुछ पूर्व जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं।

### 18 को मिला लाइसेंस, बाकी कर रहे अवैध बिक्री -

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इस बार नगर में 18 पटाखा व्यापारियों को वैध लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिन्हें केवल छोटा खेल मैदान पर व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर कार्यालय के आदेश में भी यही स्थल अधिकृत रूप से तय किया गया है। इसके बावजूद, मुख्य बाजार में कुछ दुकानदारों ने पहले से ही गुपचुप तरीके से पटाखा बिक्री शुरू कर दी है, जबकि करीब एक दर्जन अन्य व्यापारी बिना लाइसेंस के कारोबार कर रहे हैं।



### नगर पालिका की एनओसी में लगाई गई शर्तें और सच्चाई -

पालिका के नियम, जो मुख्य मार्ग में असंभव हैं

1.आवेदक को सक्षम प्राधिकारी से अस्थायी आतिशबाज़ी बिक्री अनुमति पत्र प्राप्त कर शुल्क सहित आवेदन करना होगा।

**सच्चाई** – मुख्य मार्ग पर अधिकांश दुकानदार बिना अनुमति दुकान लगा रहे हैं।

2. दुकान टिन/धातु की होनी चाहिए, कपड़े या लकड़ी का उपयोग वर्जित।

**सच्चाई** – भीड़भाड़ वाले मार्ग पर अधिकांश दुकानें अस्थायी कपड़े , लकड़ी या प्लास्टिक की टेंट से बनाई जा रही हैं।

3.प्रत्येक दो दुकानों के बीच कम से कम 10 फीट की दूरी आवश्यक।

**सच्चाई** – मुख्य बाजार में सकड़ी जगह होने से दुकानें सटी हुई लगाई जा रही हैं दूरी की शर्त पूरी तरह असंभव।

4.सभी शर्तों व निर्देशों का अक्षरशः पालन अनिवार्य। उल्लंघन पर अनुमति पत्र स्वतः निरस्त।

**सच्चाई** – यहाँ तो अधिकांश दुकानों को अनुमति मिली ही नहीं और जिन्हें मिली है वो नियमों की पालना नहीं कर रहे है , ऐसे में निरस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हो रही ।

### पुराना हादसा, पर सबक नहीं-

गौरतलब है कि 2023 में भी इसी इलाके में फल-फ्रूट की दुकान पर पटाखे बेचने के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया था। आग की चपेट में आने से कई सामान जल गए थे। बावजूद इसके, इस साल फिर वही गलती दोहराई जा रही है।

### पटाखा बिक्री के लिए खुला मैदान आवश्यक लेकिन जमीनी हकीकत अलग -

नगर पालिका ने पटाखा बिक्री को लेकर कड़ी शर्तें जारी की हैं, जिनमें स्पष्ट कहा गया है कि भीड़भाड़ वाले और विद्युत सजावट वाले क्षेत्रों में पटाखा दुकानें नहीं लगाई जाएंगी।

हालांकि, मुख्य मार्ग की स्थिति को देखते हुए इन शर्तों की पालना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां चारों ओर बिजली की झालरें, कपड़ा दुकानें , प्लास्टिक , क्रॉकरी, किराना , सब्जी मंडी , हस्त उद्योग की दुकानें , लाइटें और भीड़भाड़ रहती है, वहां पटाखे बेचना जनता की जान से खिलवाड़ है।

### जनता में आक्रोश, प्रशासन पर सवाल

नगरवासियों का कहना है कि हर साल चेतावनी के बावजूद वही गलती दोहराई जाती है। दीपावली जैसे त्योहार पर जहां खुशियों की रोशनी होनी चाहिए, वहीं अब लापरवाही की चिंगारी खतरे का कारण बन रही है।

अब सवाल यह है कि क्या इस बार प्रशासन सख्ती दिखाएगा या फिर त्योहार की चमक में सुरक्षा नियम फिर धुंधले पड़ जाएंगे।

### इनका कहना है –

पटाखा व्यापारियों को केवल छोटा खेल मैदान पर दुकान लगाने की अनुमति दी गई है। मुख्य बाजार में अवैध रूप से दुकान लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अजीत सिंह राठौड़, उपखंड अधिकारी, बिजोलिया**

भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखा बिक्री की अनुमति नहीं दी जाती। सभी वैध दुकानों को खुले मैदानों में स्थानांतरित किया गया है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ उच्चाधिकारियों को सूचित कर कार्रवाई की जाएगी।

**पंकज कुमार मंगल, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका**

# नाकाबंदी तोड़कर भागे बदमाश-हैड कांस्टेबल को रौंदने की कोशिश,पैर में फ्रैक्चर

## स्कॉर्पियो सवार अपराधी पुलिस चौकी के बाहर तोड़ गए नाकाबंदी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में प्रतापनगर पुलिस चौकी के बाहर फिल्मी अंदाज़ में बदमाशों ने बुधवार देर रात नाकाबंदी तोड़ते हुए हैड कांस्टेबल को कुचलने का प्रयास किया। घटना में हैड कांस्टेबल प्रमोद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके पैर में फ्रैक्चर आया है। पुलिस ने स्कॉर्पियो के नंबर और आरोपियों की पहचान कर ली है और शहर की सीमाएं सील कर दी गई हैं। घटना रात करीब 12:20 बजे की बताई जा रही है। रीको एरिया में गश्त कर रही चेतक और सिग्मा मोबाइल टीम ने एक तेज रफ्तार संदिग्ध स्कॉर्पियो को शहर की ओर भागते देखा। तत्काल वायरलेस से प्रतापनगर चौकी पर तैनात हैड कांस्टेबल प्रमोद यादव को सूचना दी गई, जिन्होंने अपनी टीम के साथ बेरिकेड्स लगाकर वाहन को रोकने का प्रयास किया।

लेकिन स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने रफ्तार और बढ़ाते हुए नाकाबंदी तोड़ दी और प्रमोद यादव को टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर जा गिरे। पुलिसकर्मी के पैर में गंभीर चोट आई और उन्हें महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

टक्कर के बाद बदमाश स्कॉर्पियो भगा ले गए, जबकि चेतक मोबाइल ने उनका करीब 2 किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन वे अंधेरे में नजरों से ओझल हो गए। जांच में सामने आया कि यह स्कॉर्पियो तीन घंटे पहले गंगापुर की ओर से मुजरास टोल नाके से गुजर चुकी थी।


एसपी धर्मेंद्र सिंह ने घटना के बाद रात में ही वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। उन्होंने कहा कि यह पुलिस पर जानलेवा हमला है, जिसके दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

सीआई सुरजीत कुमार ठोलिया ने बताया कि बदमाशों की पहचान हो चुकी है और तकनीकी टीम उनकी लोकेशन ट्रेस कर रही है। जल्द ही गिरफ्तारी की बड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# दीपावली से पहले दर्दनाक हादसा - स्कॉर्पियो-ट्रेलर भिड़ंत में चार दोस्तों की जिंदा जलकर मौत, एक घायल







**भीलवाड़ा फोकस @ बाड़मेर।**

राजस्थान अभी जैसलमेर बस हादसे के गम से उबरा भी नहीं था कि बाड़मेर जिले में बुधवार देर रात एक और दिल दहला देने वाली दुर्घटना हो गई। एक स्कॉर्पियो और ट्रेलर में आमने-सामने भिड़ंत के बाद लगी आग में चार दोस्तों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवक झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना गुड़ामालानी तहसील के सिरदरी थाना क्षेत्र में स्थित सादा गांव के पास मेगा हाईवे पर हुई। पुलिस के अनुसार, डाबड़ गांव निवासी पांच दोस्त बुधवार रात सिणधरी से लौट रहे थे। जैसे ही स्कॉर्पियो गांव से करीब 30 किलोमीटर दूर सादा गांव के पास पहुंची, सामने से आ रहे एक ट्रेलर से जबरदस्त टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भयंकर थी कि स्कॉर्पियो ने पलटकर आग पकड़ ली। देखते ही देखते लपटों ने पूरी गाड़ी को घेर लिया। चारों दोस्त बाहर निकलने का मौका भी नहीं पा सके और जिंदा जलकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों में मोहन सिंह (35) पुत्र धूड़ सिंह, पाचा राम (22) पुत्र लुंबराम, प्रकाश (28) पुत्र सांपाराम और शंभू सिंह (20) पुत्र दीप सिंह शामिल हैं। जबकि ड्राइवर दिलीप सिंह गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलने पर सिरदरी थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, आग पर काबू पाया गया और शवों को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद मेगा हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद खुलवाया।

गांव में एक साथ चार दोस्तों की अर्थी उठने से माहौल गमगीन हो गया। हर आंख नम थी, कई घरों में दीपावली की तैयारियां मातम में बदल गईं, यहां तक कि चूल्हे तक नहीं जले। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेगा हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और रात में सुरक्षा रोशनी की कमी के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त और ट्रक चालकों पर सख्ती की मांग की है।

CMYK

## अवैध बजरी परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव ):- बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया । थाना प्रभारी देवराज सिंह के अनुसार थाना क्षेत्र के सोलंकिया का खेड़ा गांव के पास से अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया, पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने लाकर खड़ा किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।।



## तीन साल से फरार पेट्रोल पंप लूट का 5 हजार का ईनामी और आर्म्स एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

दिनेश पारिक । थाना पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे लूट प्रकरण के 5 हजार रुपए के ईनामी आरोपी हिम्मत लाल बलाई और आर्म्स एक्ट में वांछित आरोपी राधेश्याम रेगर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व 26 अप्रैल को कस्बे के एक पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल और नकदी लूट की वारदात हुई थी। इस प्रकरण में आरोपी हिम्मत पिता प्रकाश बलाई 20 वर्ष, निवासी रूद्ध, हाल निवासी मरमी, चित्तौड़गढ़ फरार चल रहा था। पुलिस ने लगातार प्रयास कर उसे गिरफ्तार कर लिया।







इसी प्रकार 9 अक्टूबर को थाना सर्कल क्षेत्र के ग्राम हाजीवास में अवैध टोपीदार बंदूक बरामद की गई थी, जिसमें राधेश्याम रेगर पिता भोलू रेगर निवासी हाजीवास को नामजद किया गया था। विशेष टीम ने उसकी तलाश कर गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों मामले में जांच में जुटी है ।

## पोक्सो एक्ट के मामले में 1 साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

पुलिस थाना की टीम ने पोक्सो एक्ट के प्रकरण में एक वर्ष से फरार चल रहे 5000 रुपए के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थानाधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार पोक्सो एक्ट में वांछित आरोपी मुकेश कुमार वैष्णव पुत्र जमनालाल उम्र 40 वर्ष, निवासी सुरास, बिगोद विगत एक वर्ष से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा 5000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

विशेष टीम ने लगातार प्रयास कर आरोपी की सकुनत व ठिकानों की तलाश की और बुधवार को वांछित आरोपी मुकेश कुमार वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है।

## बिजोलिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक,संगठन सृजन अभियान के तहत पदाधिकारियों से मंथन

### 2020 से ब्लॉक अध्यक्ष पद खाली, कार्यकर्ताओं ने जताई नाराजगी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

कस्बे के ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व मंत्री वकार रसूल वाणी, पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर, बाबू भील और जिला अध्यक्ष त्रिपाठी मौजूद रहे।

बैठक में जिले की शहरी और ग्रामीण इकाइयों से आए आवेदनों पर चर्चा की गई। साथ ही जिला अध्यक्ष पद के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए।

कार्यक्रम निर्धारित समय से देर शाम शुरू हुआ, जिसके दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि साल 2020 से बिजोलिया में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होने से संगठन निष्क्रियता की स्थिति में है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेतृत्व के अभाव में गुटबाजी बढ़ी है और जमीनी स्तर पर संगठन कमजोर पड़ा है।




इस पर ऑब्जर्वर वकार रसूल वाणी ने भरोसा दिलाया कि मांडलगढ़ और बिजोलिया में जल्द ही ब्लॉक संगठन का पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का अभाव कार्यकर्ताओं के जोश को कम करता है, इसलिए जल्द ही नए पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

वाणी ने बताया कि इस विषय पर प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर और रामलाल जाट के नाम जिला अध्यक्ष पद के लिए सुझाए तथा इनमें से किसी एक को नियुक्त करने की मांग की।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनिल राव, ब्लॉक क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस की प्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## 12 स्थायी वारंटों में वांछित आरोपी गिरफ्तार




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

प्रतापनगर थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 12 स्थायी गिरफ्तारी वारंटों में वांछित आरोपी को सवाईमाधोपुर से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन का पता लगाकर उसे दबोचा।

गिरफ्तार आरोपी राजेश शर्मा पुत्र शांति कुमार शर्मा 51 वर्ष निवासी पुराना बापुनगर, प्रतापनगर बताया गया है, जो लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

### शिक्षिका सुमन राठौड़ का आरएएस परीक्षा में चयन

## सरकारी विद्यालय की अध्यापिका ने बढ़ाया शिक्षा विभाग का मान, विद्यालय परिवार में खुशी की लहर

भीलवाड़ा केसरी @ आसींद।

पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नई परासोली आसींद की प्रतिभाशाली एवं समर्पित अध्यापिका सुमन राठौड़ पुत्री शिव रतन सिंह राठौड़ का राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) परीक्षा 2023 में चयन हुआ है। उनके इस चयन की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार में हर्ष, गर्व और उल्लास की लहर दौड़ गई।

यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा विभाग के लिए गौरव का विषय है कि राजकीय विद्यालय की एक शिक्षिका ने राज्य की प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकारी विद्यालयों में भी प्रतिभा, परिश्रम और गुणवत्ता का स्तर किसी से कम नहीं है। सुमन राठौड़ ने कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। उनका यह चयन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बरदीचंद बैरवा ने कहा कि सुमन राठौड़ की यह उपलब्धि विद्यालय की गुणवत्ता, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षण परंपरा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि उनके परिश्रम ने विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में ऊँचा किया है।



पीईईओ शिवदर्शन सिंह खींची ने कहा कि सुमन राठौड़ का यह चयन दर्शाता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हों, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। यह उपलब्धि सम्पूर्ण शिक्षा परिवार के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। विद्यालय परिवार ने सुमन राठौड़ को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और राज्य की प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान की कामना की।

## थाने के बाहर ही सड़क बदहाल , पथिक क्लब रोड पर हर कदम पर खतरा

### आवागमन में परेशानी, नागरिक बोले प्रशासन देखता क्यों नहीं?

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

नगर के बीचोंबीच स्थित पुलिस थाना और पथिक क्लब मार्ग की जर्जर हालत ने आमजन का चलना मुश्किल कर दिया है। गड्ढों से भरी यह सड़क हर गुजरते वाहन के साथ हादसे का खतरा बढ़ा रही है, लेकिन प्रशासन अब तक खामोश है।

एडवोकेट प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन, अधिकारी और आम लोग गुजरते हैं, पर सड़क की बदहाली पर किसी का ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा थाने के बाहर की टूटी सड़क यह दिखाती है कि जिम्मेदार विभागों के लिए जनता की तकलीफ कोई मायने नहीं रखती।




शर्मा ने बताया कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, मगर मरम्मत का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। शर्मा ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विरोध दर्ज कराया जाएगा।



**QUICK BITES**

## नेत्रपुरुष रूपचंद जैन की प्रथम पुण्यस्मरण पर होंगे कई आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



नेत्रपुरुष एवं गौसेवक रूपचंद जैन की प्रथम पुण्यस्मरण पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गौमाता को 11 क्विंटल लापसी का भोग लगाया जाएगा तथा गौसेवकों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।

रूपचंद जैन को क्षेत्र में एक सच्चे गौसेवक और नेत्रपुरुष के रूप में जाना जाता है। उन्होंने पिछले 20 वर्षों से लगातार नेत्र शिविरों का आयोजन कर 11 हज़ार से अधिक लोगों की आंखों को ज्योति प्रदान करने का कार्य किया। समाजसेवा के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण भाव आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

संयम जैन ने बताया कि जैन सदैव गौ सेवा और मानवता की सेवा में अग्रणी रहे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं को समाजसेवा के पथ पर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए।

### लक्की ब्यावट सर्वसम्मति से बने जिलाध्यक्ष

## कर्मचारी हितों के लिए संघर्ष में पीछे नहीं हटेंगे, ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के नेतृत्व में कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में कर्मचारियों ने जोरदार नारेबाजी कर अपनी मांगों का समर्थन किया।

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लक्की ब्यावट को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वर्तमान जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने प्रस्ताव रखते हुए नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की। लक्की ब्यावट ने सभी उपस्थित सदस्यों को आश्वस्त किया कि वे कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और संघर्ष में पीछे नहीं हटेंगे।

इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने नए जिलाध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। बैठक में फार्मासिस्ट यूनियन जिलाध्यक्ष नीरज व्यास, नर्सिंग यूनियन कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललित जीनगर, ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह, प्रवक्ता गिरिराज लढा, नर्सिंग न्यूज़ 24 संयोजक नूर मोहम्मद खान, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर विनोद सोनी, राजेश सांखला, ईसीजी यूनियन जिलाध्यक्ष पवन देपन, फतेह सिंह, शारीरिक शिक्षक संघ अध्यक्ष महेंद्र खोईवाल, सीएचओ यूनियन नितीश मीणा, स्टूडेंट यूनियन के अभिषेक, इस्लाम खान, कंप्यूटर ऑपरेटर सचिन कुमार, प्रहलाद कुमार साई, फार्मासिस्ट निखिल बिश्नोई, लेखा अधिकारी पंकज राठी, सहायक लेखा अधिकारी राकेश पारीक सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# नगर विकास न्यास द्वारा 3081 प्लॉटों की ऑनलाइन लॉटरी सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबको आवास संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा गुरुवार को नगर निगम टाउनहॉल सभागार में 3081 आवासीय प्लॉटों की ऑनलाइन लॉटरी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निकाली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा रहे, जबकि जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू और नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में मंत्री खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर नागरिक को आवास के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली तकनीकी पारदर्शिता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं रहती।





मंत्री खर्रा ने बताया कि यह प्रक्रिया आमजन के बीच विश्वास और निष्पक्षता को मजबूत करती है। पात्र आवेदकों को समान अवसर प्रदान करने के लिए पूरी लॉटरी प्रक्रिया को जनता के सामने आयोजित किया गया और यूट्यूब लाइव प्रसारण के माध्यम से हजारों नागरिकों ने इसे ऑनलाइन देखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल ने बताया कि इस बार कुल 3081 प्लॉटों की लॉटरी कंप्यूटराइज्ड एवं स्वचालित प्रणाली के जरिए निकाली गई। परिणाम न्यास की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं तथा चयनित आवेदकों को एसएमएस और ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि इस योजना को लेकर नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी का प्रदर्शन सभागार में किया गया, जिससे आमजन को व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास बना रहे।

मंत्री खर्रा ने तकनीकी टीम से संवाद कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली और नगर विकास न्यास द्वारा की गई साफ-सुथरी व पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि न्यास की यह पहल जनता के भरोसे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, नगर विकास न्यास के अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित रहे।

मंत्री खर्रा ने किया वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण

टाउनहॉल में आयोजित लॉटरी कार्यक्रम के पश्चात नगर विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा पांसल चौराहे पहुंचे, जहाँ आयोजित समारोह में उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया।

मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और नई पीढ़ी को उनके साहस, त्याग और स्वाभिमान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर उत्तम स्वामी महाराज, भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# किशनगढ़ व खजुरी में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

किशनगढ़ एवं खजुरी ग्राम पंचायतों में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहाजपुर प्रधान कौशल किशोर शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में प्रधान शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सरकार आपके द्वार की भावना को साकार करते हुए हर गांव तक योजनाओं का लाभ पहुँचा रही है। शिविरों के माध्यम से प्रशासन आमजन तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर केवल योजनाओं का वितरण नहीं, बल्कि जनता से सीधा संवाद का माध्यम है।




ग्रामीणों की मांग पर प्रधान शर्मा ने चारभुजा मंदिर भीमपुरा की चारदीवारी निर्माण कार्य के लिए चार लाख रुपए की स्वीकृति मौके पर ही जारी की, जिस पर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया।

शिविर में सभी विभागों के कार्य एक ही स्थान पर संपन्न हुए। संचालन शिविर प्रभारी एसडीएम राजकेश मीना के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रवि कुमार मीना, नायब तहसीलदार बद्रीलाल मीणा, बिजली विभाग के सहायक अभियंता सुरेश मीना, ग्राम विकास अधिकारी संजय सिंह, सरपंच पिंकी मीना, सरपंच प्रतिनिधि नंदलाल मीना, प्रधानाचार्य धर्मचंद मीना, पूर्व सरपंच देवलाल गुर्जर, भेरूसिंह कानावत, राजकुमार मीना, दिलखुश मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान : 43 लीटर घी सीज, आठ नमूने जांच के लिए भेजे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए जिले में चल रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई तेज हो गई है।

इस विशेष अभियान के दौरान बुधवार को जिलेभर में 8 खाद्य नमूने लिए गए।

अब तक इस अभियान के तहत कुल 68 खाद्य नमूने लिए जा चुके हैं, वहीं लगभग 3000 किलोग्राम खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई है और 497 किलोग्राम सामग्री सीज की जा चुकी है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गुलाबपुरा स्थित मैसर्स राजेन्द्र प्रसाद रामपाल से आचार, खोआ और रसगुल्ले के नमूने लिए गए। मैसर्स भवानी बिकानेर मिष्ठान भण्डार, रायला से पनीर का नमूना और मैसर्स सोमानी ब्रदर्स, रायला से चार ब्रांड के घी खुशाली, डेयरी सरस, कृष्णम् और रघु श्री के नमूने लिए गए।

कार्रवाई के दौरान 43 लीटर घी सीज किया गया। सभी नमूने जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अभिहित अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में अभियान लगातार जारी रहेगा। खाद्य कारोबारियों को अनुज्ञा पत्र रखने, स्वच्छता बनाए रखने, खुले में खाद्य तेल या मसाले नहीं बेचने और खाद्य पदार्थों को ढककर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गोकुल डेयरी ने शुरू की प्लास्टिक मुक्त मुहिम

## दुग्धदाताओं को बांटे कपड़े के बैग, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,**

**मूलचंद पेसवानी।** पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में गोकुल डेयरी ने नई पहल शुरू की है। नोगांवा, पुर प्लांट पर दुग्धदाताओं को कपड़े के बैग वितरित किए गए और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया गया।

डेयरी प्रबंध संचालक अशोक चौबे ने कहा कि यह अभियान केवल दुग्धदाताओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि स्टाफ, वितरक, डीलर और संकलन केंद्र संचालकों तक फैलाया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना और टिकाऊ विकल्पों को प्रोत्साहित करना है।

दुग्धदाताओं और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने का संकल्प लिया। डेयरी के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग इस मौके पर उपस्थित रहे और प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ का संदेश दिया।



# पंडित और पंछी गैंग से जुड़े 8 युवक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

थाना पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय गैंग संस्कृति पर सख्त कार्रवाई करते हुए पंडित और पंछी गैंग से जुड़े आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। ये युवक सोशल मीडिया पर गैंग के नाम से पेज बनाकर उन्हें फॉलो कर रहे थे और लोगों में भय और दहशत का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे।

यह कार्रवाई थानाधिकारी उगमाराम सैनी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था।

पुलिस ने थाना क्षेत्र में दबिश देकर गैंग से जुड़े कुल 8 गैरसाइलानों को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इनमें पंडित गैंग को फॉलो करने वाले रणजीत अहीर (30) निवासी तिलस्वा, राजू वैष्णव (29) निवासी सलावटिया, नारायण उर्फ कालू गुर्जर (24) निवासी सलावटिया शामिल हैं।



वहीं पंछी गैंग को फॉलो करने वाले निर्मल खटीक (23) निवासी बाणियों का तालाब,सुरेंद्र उर्फ मणु कंजर (23) निवासी छोटी बिजोलिया,मोनू दरोगा (27) निवासी छोटी बिजोलिया,हरिशंकर धाकड़ (28) निवासी बड़वा,और रतन सिंह भाट (30) निवासी रावों का खेड़ा, हाल चांदजी की खेड़ी शामिल हैं।

थानाधिकारी उगमाराम सैनी ने बताया कि ये युवक सोशल मीडिया पर गैंग पेज फॉलो कर खुद को उनसे जुड़ा दिखाने और क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर संभावित असामाजिक माहौल बनने से रोका।

सैनी ने बताया की पुलिस का मकसद क्षेत्र को भयमुक्त और सुरक्षित बनाना है। ऐसे तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गाँव की बिटिया ज्योत्सना राणावत बनीं RAS अधिकारी

## सरकारी स्कूलों से पढ़कर हासिल की 108वीं रैंक, तहनाल और शाहपुरा क्षेत्र में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचंद पेसवानी।** कहते हैं-अगर सपनों को सच्चे दिल से पूरा करने का जज्बा हो, तो कोई मंज़िल दूर नहीं रहती। यह कहावत सच कर दिखाया है गाँव तहनाल की बेटी ज्योत्सना राणावत ने, जिन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएस-2025) परीक्षा में 108वीं रैंक प्राप्त कर अपने गाँव, परिवार और पूरे शाहपुरा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

ज्योत्सना की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश में रहकर भी अगर मेहनत, लगन और विश्वास हो तो हर सपना साकार किया जा सकता है।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जीजीयूपीएस तहनाल सरकारी बालिका विद्यालय से कक्षा 8वीं तक प्राप्त की। इसके बाद कक्षा 9वीं और 10वीं सरकारी बालिका विद्यालय, शाहपुरा, तथा कक्षा 11वीं और 12वीं विज्ञान-गणित सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा से पूरी की।

इसके बाद उन्होंने बीएससी की पढ़ाई पीएसबी कॉलेज, शाहपुरा से और बीएड की पढ़ाई रामसनेही कॉलेज, शाहपुरा से पूरी की।

ज्योत्सना बताती हैं कि यह सफलता उनके माता-पिता के विश्वास, शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्वयं पर दृढ़ भरोसे की देन है। उन्होंने कहा सरकारी स्कूल से निकलकर प्रशासनिक सेवा तक पहुँचना इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और निष्ठा से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

ज्योत्सना के पिता का सपना और परिवार का निरंतर प्रोत्साहन उनकी प्रेरणा बना। गाँव में उनकी सफलता की खबर मिलते ही तहनाल और शाहपुरा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने मिठाई बाँटकर बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताया और कहा हमारी बिटिया अब RAS अधिकारी बन गई है। ज्योत्सना की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि उन सभी छात्राओं के लिए



प्रेरणा है जो सीमित साधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं।

# ग्राम सेवा शिविरों में जनकल्याण की नई मिसाल

## प्लास्टिक लाओ, शक्कर ले जाओ अभियान से बढ़ी स्वच्छता चेतना

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक ।** ग्राम पंचायत रासेड़ और रेडवास में आयोजित ग्राम सेवा शिविरों में ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शिविरों में अधिकारियों ने जनसमस्याएं सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया।



रासेड़ में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा और विकास अधिकारी रामबिलास मीणा मौजूद रहे। मीणा ने स्वच्छता के लिए प्लास्टिक लाओ, शक्कर ले जाओ अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत ग्रामीणों ने लगभग 25 किलो प्लास्टिक के बदले 25 किलो शक्कर ली।

शिविर में आवासीय पट्टे, नाम शुद्धिकरण आदेश और पोषण किटें का वितरण किया गया। मीणा ने कहा कि गांव तभी विकसित होगा जब वह स्वच्छ और सशक्त होगा। शिविरों में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# रावणा राजपूत समाज की बैठक संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

रावणा राजपूत समाज की बैठक गुरुवार को समाज नोहरे में संजय सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी कार्तिक पूर्णिमा 6 नवंबर को हर वर्ष की तरह इस बार भी अन्नकूट महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।



महासचिव धर्म सिंह पंवार ने बताया कि इस बार महोत्सव के साथ सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। बैठक में कमलेश तंवर, दिनेश शक्तावत, नरेंद्र तंवर, जसवंत सोलंकी, अजय तंवर सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### विश्व खाद्य दिवस पर कृषक-वैज्ञानिक संवाद आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास ।



कृषि विज्ञान केन्द्र सुवाणा ने विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर अनुसूचित जाति योजनांतर्गत कृषक-वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी. एम. यादव ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण और भूखमरी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने भोजन को जीवन का आधार बताते हुए किसानों को अधिक उत्पादन और खाद्य सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

तकनीकी सहायक अनिता यादव ने किसानों को उन्नत किस्म के बीज, बीजोपचार, खरपतवार प्रबंधन और समन्वित पोषक तत्त्व प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। सहायक कृषि अधिकारी नन्द लाल सेन ने किसानों को कृषि वैज्ञानिकों के संपर्क में रहकर खेती करने, अन्न उत्पादन बढ़ाने और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता फैलाने का मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में 98 कृषक और कृषक महिलाएँ शामिल हुईं।

### भाविप चंद्र शेखर आजाद शाखा ने कन्याओ और महिलाओ को किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भाविप चंद्र शेखर आजाद शाखा द्वारा महिला सहभागिता के अंतर्गत बलिकाओ और महिलाओ को अपने स्वास्थ के प्रति जागरुक करने हेतु सर्वाइकल कैंसर जागरूकता, एनिमिया के बारे मे जानकारी देते हुए निवारण हेतु गुड चना वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम, शास्त्री नगर समीप कच्ची बस्ती की कन्याओ और महिलाओ के साथ किया गया। जहा ऐसे कार्यक्रमो की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती और युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्रो पर दीप प्रज्जवलन से हुई। कार्यक्रम प्रभारी आशा काबरा ने बताया की महात्मा गाँधी अस्पताल के आयुष विभाग से डॉक्टर प्रियदर्शिनी शर्मा एवं प्रवीण ओझा से सहयोग प्राप्त हुआ। बेटी बढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बसाओ की प्रांतीय प्रभारी श्रीमति रिंकू सोमानी का सानिध्य प्राप्त हुआ। सभी कन्याओ और महिलाओ को हीमोग्लोबिन बढाने हेतु गुड चना वितरण किया गया। अंत मे सह महिला संयोजिका कल्पना सोनी द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम मे शाखा सदस्याओ मे से संगीता जागेटिया, मीनाक्षी आचार्य, भारती मोदानी, भारती काबरा, जागृती चौधरी, मीनू सोमानी, मीनाक्षी काबरा उपस्थित रही।

### औद्योगिक विद्युत दरों में वृद्धि के संबंध में जिला इंटक ने सौपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला इंटक अध्यक्ष दीपक व्यास के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा की गई औद्योगिक विद्युत दरों में वृद्धि से क्षेत्रीय उद्योगों और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभावों के संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया को इंटक प्रतिनिधियों के साथ ज्ञापन सौंपा गया। व्यास ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि छोटे-छोटे कारखानों में पहले ही उत्पादन लागत, कच्चे माल की महंगाई का अत्यधिक दबाव पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में हाल ही में घोषित औद्योगिक विद्युत दरों में वृद्धि से उद्योग जगत और श्रमिकों में भारी चिंता उत्पन्न कर दी है। इसके कारण बड़ी संख्या में कारखाने बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने मांग की है विद्युत दरों में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और किसी भी प्रकार की वृद्धि से पूर्व उद्योग और श्रमिक संगठनों से परामर्श अवश्य लिया जाए। ज्ञापन के दौरान जिला महामंत्री कानसिंह चुंडावत, आरएसडब्ल्यूएम खारीग्राम से किशन सिंह, केसर सिंह, रामदयाल कीर, रामवीर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, मंडपम से नंदलाल गाडरी, डूंगर सिंह राठौड़ सहित कई श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।